# शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी जिला धमतरी (छ0ग0)

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

**(बैठक दिनांक : 01.03.2019, शुक्रवार)**

आज दिनांक 01.03.2019 दिन शुक्रवार को महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी की अध्यक्षता में महाविद्यालय के प्रागण में आयोजित की गई । जिसमें महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के निम्नांकित सम्माननीय सदस्य गण उपस्थित रहे।

| | | | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 01. | डॉ.अमिताभ बैनर्जी,प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख | (अध्यक्ष) | 01/03/19 |
| 02. | श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व), नगरी | (सदस्य) | |
| 03. | डॉ.ए.के.ध्रुव | (सदस्य) | 01/03/19 |
| 04. | प्रो.एम.के.शर्मा | (सदस्य) | |
| 05. | प्रो.राजाराम मेहरा | (सदस्य) | |
| 06. | प्रो.एस.आर.दर्रो | (सदस्य) | 1/3/19 |
| 07. | श्री शिवदयाल साहू | (सदस्य) | |
| 08. | श्री रविशंकर दुबे | (सदस्य) | |
| 09. | श्री सुगनचंद साहू | (सदस्य) | |

बैठक में महाविद्यालय की गुणवत्ता संबंधी चेतना को बनाए रखने एवं महत्वपूर्ण शैक्षणिक/अकादमिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया तथा महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन एवं मूल्यांकन हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। बैठक की सूचना एवं एजेंडा के अनुरूप निम्नलिखित शैक्षणिक एवं अकादमिक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जाकर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये–

| क. | प्रस्ताव | निर्णय | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 1 | सर्वप्रथम विगत आयोजित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की बैठक मे लिये गये प्रस्तावों एवं लिये गये निर्णयों का अनुमोदन प्राप्त करना । | बैठक में सभी सदस्यों ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों एवं प्रस्ताव का अनुमोदन किया। | अनुमोदित |
| 2. | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की विगत बैठक में लिये गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन एवं अनुमोदन करना । | बैठक में सभी सदस्यों ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का विधिवत अवलोकन एवं अनुमोदन किया। | अनुमोदित |
| 3 | महाविद्यालयीन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) के सदस्य प्रो.डी.सी.खेलन की दिनांक 31.10.2018 को सेवानिवृत्ति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) के संयोजक डॉ.पी.एस. सोनसाठ के दिनांक 13.01.2019 को आकस्मिक देहावसान के उपरांत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के नये संयोजक के रुप में प्रो.मनोज | बैठक में सदस्यों ने प्रो. मनोज कुमार शर्मा (सहा. प्राध्यापक-वाणिज्य) को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ IQAC के नए संयोजक के रूप में एवं | " पूर्ण " |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ..र शर्मा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य की नियुक्ति एवं ..हसंयोजक के रुप में नैक प्रभारी प्रो.जयेश करंजगावंकर एवं प्रकोष्ठ के नये सदस्यों के रुप में प्रो. राजाराम मेहरा सहायक प्राध्यापक (राजनीतिविज्ञान) एवं प्रो.एस.आर.दर्रो सहायक प्राध्यापक (भूगोल) के मनोनयन पर अनुमोदन एवं स्वीकृति प्राप्त करना । | सहसंयोजक के रुप में नैक प्रभारीप्रो.जयेश करंजगावंकर एवं प्रकोष्ठ के नये सदस्यों के रुप में प्रो.राजाराम मेहरा सहायकप्राध्यापक राजनीति विज्ञान) एवं प्रो.एस.आर.दर्रो सहायक प्राध्यापक (भूगोल) के मनोनयन का अनुमोदन करके सर्वसम्मति से अपनी सहमति प्रदान की। | |
| 4 | महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित विज्ञान संकाय में नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने के विषय पर विचार करना एवं आवश्यक कार्यवाही पर चर्चा । | बैठक में महाविद्यालय में नए पाठ्यक्रम खोले जाने के विषय पर चर्चा की गई जिसमें सदस्य श्री शिवदयाल साहू एवं प्रो राजाराम मेंहरा ने बी.ए.बी.एड (4वर्षीय)पाठ्यक्रम खोले जाने हेतु प्रस्ताव रखा जिस पर सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करके प्रस्ताव एवं आवश्यक कार्यवाही शुरू किए जाने पर बल दिया। | प्रस्ताव तैयार करके विधिवत संबंधित विभाग एवं विश्वविद्यालय को प्रेषित करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हैं । |
| 5 | महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के प्रस्ताव पर विचार करना । | महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के प्रस्ताव को तैयार करके शासन स्तर भेजे जाने हेतु सहमति प्रदान की गई । | विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के प्रस्ताव पर अनुमानित व्ययों एवं बजट का आंकलन करके प्रस्ताव भेजे जाने की प्रकिया जारी है। |
| 6 | महाविद्यालय में स्ववित्तीय आधार पर संचालित पीजीडीसीए कम्प्युटर पाठ्यक्रम में सीट वृद्धि के उपरांत आवश्यक 15 नये कम्प्युटर कय किये जाने के प्रस्ताव पर विचार करना । | उक्त प्रस्ताव पर सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करके आवश्यक कार्यवाही शुरू किए जाने पर बल दिया। | उक्त प्रस्ताव पर आने वाले बजट का आंकलन किया जाकर उसे आगामी प्रस्तावित जनभागीदारी समिति की बैठक में रखा जावेगा । |
| 7 | महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थियों की लगातार बढ़ती संख्या एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के लगातार आयोजनों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त फर्नीचर कय किये जाने हेतु प्रस्ताव पर चर्चा । | महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थियों की लगातार बढ़ती संख्या एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के लगातार आयोजनों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त | पुर्ण । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | फर्नीचर क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार करते हुए माननीय सदस्यगणों ने शासन के नियमानुसार निर्धारित एजेंसी CSIDC से 100 नग फर्नीचर खरीदें जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की । | |
| 8 | महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिये स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं सुचारु व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 01 अतिरिक्त नवीन बोर खनन हेतु प्रस्ताव पर विचार करना । | महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिये स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं सुचारु व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 01 अतिरिक्त नवीन बोर खनन हेतु प्रस्ताव पर विचार किया जाकर इस हेतु संबंधित कार्यकारी एंजेसी PHE/PWD से संपर्क किया जाकर एवं कार्ययोजना तैयार किया जाकर उचित कार्यवाही किए जाने हेतु सहमति सदस्यगणों व्दारा प्रदान की गई । | कार्यवाही की जा रही है । |
| 9 | महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन एवं मुल्यांकन को ध्यान में रखतें हुए महाविद्यालय की वेबसाईट के नवीनीकरण एवं INFLIBNET सदस्यता के नवीनीकरण हेतु प्रस्ताव पर विचार । | महाविद्यालय की वेबसाईट के नवीनीकरण एवं INFLIBNET सदस्यता के नवीनीकरण हेतु प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई । | महाविद्यालय की वेबसाईट के नवीनीकरण एवं INFLIBNET सदस्यता के नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। |
| 10 | महाविद्यालय के नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन हेतु निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक पावर बैकअप प्रणाली क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार । | पावर बैकअप प्रणाली क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार करते हुए सदस्यों ने सहमति प्रदान की । | महाविद्यालय के नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन हेतु निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक पावर बैकअप प्रणाली क्रय किये जाने हेतु आने वाले बजट का आंकलन किया जाकर उसे आगामी प्रस्तावित जनभागीदारी समिति की बैठक में रखा जावेगा एवं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | क्रय किए जाने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जावेगी । |
| 11 | महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओ को शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रसारण की जानकारी यथासमय उपलब्ध कराने हेतु महाविद्यालय परिसर में एक **electronic display board** एवं **Public Announcement system** के संस्थापन के प्रस्ताव पर विचार । | महाविद्यालय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की । | उक्त प्रस्ताव पर आने वाले बजट का आंकलन किया जाकर क्रय किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। |
| 12 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय :–<br><br>1.बैठक में IQAC सदस्य श्री सुगनचंद साहू की बैठक में अनुपस्थिति एवं असमर्थता व्यक्त करने के कारण उनके स्थान पर नए सदस्य /प्रतिनिधि के रूप में श्री................ प्रो. के. राजन.........को मनोनीत किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है ।<br><br>2.बैठक में प्रकोष्ठ के सदस्यों व्दारा महाविद्यालय में एक क्रिडाअधिकारी एवं एक हिन्दी भाषा विषय में अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति जनभागीदारी के माध्यम से किए जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया जिस पर प्राचार्य महोदय व्दारा नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु आश्वासन प्रदान किया गया ।<br><br>3.समिति की बैठक में महाविद्यालय मे लगातार बढते विषयों एवं बैठक व्यवस्था के अभाव को ध्यान में रखते हुए स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालत हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने किए जाने का निर्णय लिया गया एवं जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां एवं कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम एजेंसी एवं विभाग से पत्राचार किए जाने पर सहमति प्रदान की गई ।<br><br>4.महाविद्यालय में फीस एवं आवेदन पत्रों के जमा करने के संबंध मे विद्यार्थियों की सहूलियत को ध्यान मे रखते हुए एक टोकन बोर्ड क्रय किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की जाकर स्वीकृति प्रदान की गई ।<br><br>5.महाविद्यालय में वर्तमान साईकिल स्टैंड के विस्तार हेतु प्रस्ताव रखा गया एवं जिस पर सदस्यों व्दारा अपनी सहमति प्रदान की गई । | | |

अंत में बैठक में उपस्थित समस्त सम्माननीय सदस्यगणों ने उपरोक्त प्रस्तावों एवं प्रकोष्ठ द्वारा संपादित गतिविधियों पर गंभीरता पूर्वक विचार–विमर्श किया जाकर उनके उचित क्रियान्वयन एवं परिपालन किये जाने हेतु अपनी सहर्ष सहमति प्रदान की तथा महाविद्यालय के गुणवत्ता सलाहकार समिति (QAC)व्दारा भी लिए निर्णयो पर अपनी सहमति एवं स्वीकृति प्रदान की जाकर उसका अनुमोदन तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया तथा उन्हे पारित किया गया। अंत में बैठक में उपस्थित समस्त सम्माननीय सदस्यगणों एवं प्राचार्य महोदय का वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक प्रो. मनोज कुमार शर्मा व्दारा आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया जाकर बैठक के विधिवत समापन की घोषणा की गई ।

संयोजक,
IQAC

डॉ. अमिताभ बैनर्जी
प्राचार्य

प्राचार्य,
शास०पुरुराम चावे महाविद्यालय,
नगरी, (छ.ग.)